
## खबरों में रहे स्टॉक


**गोदरेज प्रॉपर्टीज**




बेंगलूरु के होसकोटे में 14 एकड़ जमीन विकसित करने की योजना

₹ 2,405.3 पिछला बंद भाव
₹ 2,430.0 आज का बंद भाव
1.0 % ▲


**स्टरलाइट टेक्नोलजीज**




एआई-संचालित अवसंरचना के लिए अगली पीढ़ी के डेटा सेंटर समाधानों की पेशकश

₹ 83.4 पिछला बंद भाव
₹ 99.4 आज का बंद भाव
19.3 % ▲


**ओमेक्स**




1,000 करोड़ रुपये के निवेश से अमृतसर में नई टाउनशिप की शुरुआत

₹ 94.5 पिछला बंद भाव
₹ 106.5 आज का बंद भाव
12.7 % ▲


**इंटेलेक्ट डिजाइन एरिना**




फैब ने उपभोक्ता बैंकिंग के लिए इंटेलेक्ट का ऋण प्रबंधन समाधान अपनाया

₹ 1,187.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,210.0 आज का बंद भाव
1.9 % ▲

**जेबीएम ऑटो**




जेबीएम ईवी ने यूआईटीपी के शिखर सम्मेलन में पूरी तरह इलेक्ट्रिक सिटी बस पेश की

₹ 700.9 पिछला बंद भाव
₹ 719.7 आज का बंद भाव
2.7 % ▲

# वाहन में हाइड्रोजन क्रांति को रफ्तार

पृष्ठ 1 का शेष

**इन** ट्रकों का परीक्षण प्रमुख मार्गों पर किया जाएगा जिनमें मुंबई, पुणे, दिल्ली एनसीआर, सूरत, वडोदरा, जमशेदपुर और कलिंगनगर शामिल हैं। टाटा मोटर्स के ग्रुप सीएफओ पीबी बालाजी ने हाल में कहा था, 'हमने अपने पहले हाइड्रोजन ट्रकों की शिपिंग भी शुरू कर दी है।'

कंपनी ने राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत इंडियन ऑयल के साथ करार किया है। परीक्षण के तौर पर शुरू की गई परियोजना से आंकड़े प्राप्त होंगे जिनका उपयोग वाहन को बेहतर बनाने और विभिन्न मार्गों पर हाइड्रोजन की उपलब्धता में सुधार करने के लिए किया जाएगा। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने जनवरी में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में संकेत दिया था कि कंपनी दो साल के भीतर वाणिज्यिक तौर पर वाहन को उतारने के लिए तैयार है। मगर फिलहाल वह कोई जानकारी साझा नहीं करना चाहती है।

वाहन उद्योग के अन्य दिग्गज भी हाइड्रोजन वाहन उतारने की तैयारी कर रहे हैं। डेमलर इंडिया कमर्शल व्हीकल्स के अध्यक्ष (उत्पाद इंजीनियरिंग) और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रदीप कुमार ने कहा, 'परिवहन क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में पहल करते हुए ईंधन सेल वाले डेमलर ट्रक का विमास अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। तमाम परीक्षण के बाद मर्सिडीज बेंज जेनएच2 ट्रक अब ग्राहकों के बेड़े में शामिल होने के लिए अंतिम चरण में है।'

सरकार हाइड्रोजन मिशन के जरिये हाइड्रोजन वाहनों, मार्गों और हाइड्रोजन ईंधन स्टेशनों को निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों को आवंटित करते हुए उल्लेखनीय पहल कर रही है। इस योजना में टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, अशोक लीलैंड, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल शामिल हैं। इन कंपनियों को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा कुल 37 वाहनों (बसों और ट्रकों) और 9 हाइड्रोजन ईंधन स्टेशनों वाली 5 परीक्षण परियोजनाएं आवंटित की गई हैं।

**आईटी व बीपीओ फर्मों ने तय किया महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य**

# 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहन बेड़ा

**सुरजीत दास गुप्ता**
नई दिल्ली, 16 जून



अपने कर्मचारियों को कार्यालय आने-जाने की परिवहन सुविधा देने वाली सूचना प्रौद्योगिकी, बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) और नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग (केपीओ) से जुड़ी ज्यादातर वैश्विक और भारतीय कंपनियां साल 2030 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों का बेड़ा तैयार करना चाहती हैं।

लक्ष्य काफी महत्त्वाकांक्षी है। इसका मतलब यह है कि 9,00,000 से ज्यादा कैब के उन मौजूदा बेड़ों में से 95 फीसदी को बदलना जो कर्मचारियों को घर से दफ्तर लाती और वापस ले जाती हैं। पांच शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और दिल्ली-एनसीआर के मामले में यह आंकड़ा 90 प्रतिशत है, क्योंकि इन शहरों में ईवी की पैठ ज्यादा है।

रूटमैटिक के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी (सीईओ) श्रीराम कन्नन, जो बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) क्षेत्र में हैं, ने कहा, कंपनियां 2040 तक 100 फीसदी ईवी चाहती हैं। अभी हमारी 2,500 कैब में से औसतन 10 प्रतिशत ईवी हैं। हमारा अनुमान है कि समग्र उद्योग में ये 5 फीसदी होंगी। कंपनियां हमें हर साल संख्या बढ़ाने का आदेश दे रही हैं, लेकिन चरणों में। हमें लगता है कि हम अगले दो वर्षों में 30 फीसदी तक पहुंच पाएंगे। रूटमैटिक फॉर्चून 500 और भारतीय कंपनियों को सेवाएं मुहैया कराती है।

प्रमुख शहरों में बैक ऑफिस वाली एक बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के हमारे कार्यक्रम के हिस्से के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना है कि कर्मचारी परिवहन वाले सभी वाहन 2028 तक इलेक्ट्रिक होने चाहिए। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की अनुपलब्धता के कारण हमारे पास 2030 तक की चरणबद्ध योजना है।

सबसे बड़ी चुनौती ईवी को सड़क पर उतारने की व्यवहारिकता की है। श्रीराम ने कहा कि वर्तमान में उनकी कंपनी ड्राइवरों को एक निश्चित मासिक आय का भुगतान करती है, चाहे वे कितनी ही ट्रिप लगाएं। जिन वाहनों के ड्राइवर भी मालिक हैं. उनमें वह ईवी के बजाय आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) वाहन को प्राथमिकता देगी क्योंकि ईवी महंगी है और इसकी मासिक किस्त दोगुनी हैं। इससे उसकी शुद्ध मासिक आय पर काफी असर पड़ेगा।

इसके अलावा, ड्राइवरों के लिए एक और चिंता ईवी में रेंज की होगी। उन्हें दिन में राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर कई ट्रिप लगाने होते हैं। यही कारण है कि रूटमैटिक ने ईवी को पट्टे पर लिया है और उनके लिए अलग से ड्राइवर नियुक्त किए हैं।

ईवी पर लाभ कमाने के लिए उसे हर महीने लगभग 2,400 किलोमीटर चलने की आवश्यकता है। ईवी की ईएमआई दोगुनी होने के अलावा चार्जिंग पॉइंट की कमी की भी एक चुनौती है।

# चंद्रा ने एयर इंडिया के कर्मियों को दृढ़ रहने के लिए कहा

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 16 जून



**अहमदाबाद** में पिछले सप्ताह हुई विमान दुर्घटना के मद्देनजर एयर इंडिया और टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने गुरुग्राम में कंपनी के मुख्यालय और प्रशिक्षण अकादमी में करीब 700 से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्हें एकजुटता और दृढ़ संकल्प का संदेश दिया।

चंद्रशेखरन ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा, 'मुझे लगा कि मुझे यहां आना चाहिए और यथासंभव आप लोगों से मिलना चाहिए।' इनमें से कई कर्मचारी उस आपातकालीन प्रतिक्रिया दल का हिस्सा थे, जिसे इस त्रासदी के बाद सक्रिय किया गया था। चंद्रा ने आपातकालीन नियंत्रण केंद्र, एकीकृत संचालन नियंत्रण केंद्र और ग्राहक सेवा एवं सहायता केंद्र का भी दौरा किया। अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास दुर्घटना स्थल के दौरे के बारे में बात करते हुए चंद्रा ने कहा, 'यह बिल्कुल भी आसान नहीं था। मैंने अपने करियर में कई संकट देखे हैं, लेकिन इस तरह का दुखद अनुभव नहीं हुआ। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे इस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ेगा।' चंद्रशेखरन ने माना कि कोई भी शब्द या कार्रवाई हादसे में खत्म 241 जिंदगियों को वापस नहीं ला सकती। लेकिन उन्होंने प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'हम इस त्रासदी में किसी को खोने वाले हर व्यक्ति को अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं - अभी और हमेशा के लिए।'

उन्होंने कर्मचारियों से इस त्रासदी का उपयोग एयर इंडिया को मजबूत बनाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'अब वादे करने का समय नहीं है। यह कार्रवाई का समय है। अपने रास्ते पर बने रहें। आप जो कुछ भी करते हैं, उसमें अधिक दृढ़ संकल्प रखें।'

## एयर इंडिया के कायापलट के लिए मैकिंजी से संपर्क

**एयर** इंडिया में आमूल बदलाव के लिए टाटा समूह सलाहकार क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज मैकिंजी ऐंड कंपनी के साथ बातचीत कर रहा है। पिछले सप्ताह अहमदाबाद में हुई घातक दुर्घटना के बाद विमानन कंपनी अपने सबसे गंभीर संकट से जूझ रही है। मामले से अवगत सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जानकार सूत्र के अनुसार टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने विमानन कंपनी के पुनरुद्धार की रणनीति बनाने के लिए सप्ताहांत के दौरान मुंबई में मैकिंजी के वरिष्ठ पार्टनर विवेक पंडित से मुलाकात की। एयर इंडिया द्वारा संचालित लंदन जाने वाले बोइंग ड्रीमलाइनर के उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ दिन उपरांत यह मुलाकात हुई है। इस हादसे में 241 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए थे। केवल एक ही यात्री जीवित बच पाया।

सूत्र ने बताया कि चंद्रशेखरन ने टाटा समूह के प्रमुख अधिकारियों के साथ आंतरिक परामर्श भी किया, जिनमें टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा और टाटा संस के निदेशक मंडल के निदेशक भी शामिल थे। *बीएस*

**भारतीय कंपनियों के राजस्व में स्थिर वृद्धि की उम्मीद :** मजबूत घरेलू मांग के दम पर भारतीय उद्योग जगत की राजस्व वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में स्थिर रहने की उम्मीद है। हालांकि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव का मांग पर असर रहने की आशंका है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई। इक्रा ने कहा कि पिछली कुछ तिमाहियों में क्रमिक सुधार के बाद जून तिमाही में भारतीय कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन 18.2 से 18.5 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। *भाषा*

# अल्ट्रावायलेट ने पेरिस में उतारी ई-बाइक

**बेंगलुरु** की इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन (ईवी) विनिर्माता अल्ट्रावायलेट ने आज पेरिस में अपनी प्रमुख मोटरसाइकलें एफ77 मैक2 और एफ77 सुपरस्ट्रीट पेश कीं। इसी के साथ कंपनी ने दावा किया कि वह यूरोपीय संघ (ईयू) को बाइक निर्यात करने वाली पहली भारतीय ई-दोपहिया विनिर्माता बन गई है। बिजनेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में अल्ट्रावायलेट के मुख्य कार्य अधिकारी और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा कि यूरोपीय संघ में उनकी बाइकों की प्रमाणन प्रक्रिया में एक साल से अधिक समय लगा क्योंकि वहां नियम सख्त हैं। लेकिन इससे ई-दोपहिया विनिर्माता के लिए 40 बाजार और खुल गए हैं। सुब्रमण्यम ने कहा, हालांकि हम कई देशों में शुरुआत कर रहे हैं। लेकिन प्रतीकात्मक कारण से पेरिस को (शुरुआत के लिए) चुना गया था। एफिल टॉवर यूरोप का सबसे प्रतिष्ठित स्मारक है, जो शुरुआत करने के लिए अच्छी जगह है। *बीएस*

# मई में यात्री वाहनों की बिक्री में आई गिरावट, दोपहिया में मामूली बढ़त

**सोहिनी दास**
मुंबई, 16 जून

**पिछले** महीने 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद मई में डीलरों को भेजी जाने वाली यात्री वाहनों की खेप में मामूली गिरावट आई है। हालांकि इस महीने दोपहिया वाहनों की खेप बढ़ी है मगर मामूली यानी 2.2 प्रतिशत। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के आंकड़ों के अनुसार डीलरों को भेजी गई यात्री वाहनों की खेप 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 रह गई।

उद्योग पर नजर रखने वालों ने कहा कि डीलरों के पास बिना बिके वाहनों का अधिक स्टॉक होने के कारण खेप भेजने पर दबाव पड़ा है। मई में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 3.1 प्रतिशत और पिछले महीने के मुकाबले 13.6 प्रतिशत की गिरावट आई।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि यात्री वाहनों का बिना बिका स्टॉक बढ़कर 52 से 53 दिनों का हो चुका है। हालांकि आरबीआई के दरों में कटौती करने और मॉनसून के सामान्य से बेहतर रहने के पूर्वानुमान को देखते हुए यात्री वाहनों की बिक्री का परिदृश्य सकारात्मक है। सायम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि मई में सभी वाहन श्रेणियों का प्रदर्शन स्थिर रहा और डीलरों को भेजे जाने वाले यात्री वाहनों की खेप 3,44,656 रही, जो मई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बिक्री है। पिछले साल मई की तुलना में तिपहिया वाहनों की बिक्री में 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

SBFC **एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं.–103, प्रथम तल, सीएंडबी स्क्वायर, संगम कॉम्प्लेक्स, सीटीएस नं. 95ए, 127, अंधेरी कुर्ला रोड, ग्राम चकला, अंधेरी (ई), मुंबई–400059 | टेलीफोनः +912267875300
फैक्सः +91 2267875334 | www.SBFC.com | कॉर्पोरेट पहचान सं. U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

यह जनता को सूचित करने के लिए है कि एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड द्वारा **27.06.2025** को सुबह 10:30 बजे नीचे दिए गए शाखा पते पर गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी की जाएगी। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण हमारे विभिन्न ग्राहकों के ऋण खातों से संबंधित हैं, जो अपनी बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। इन उधारकर्ताओं को नीलामी के हमारे नोटिस विधिवत जारी किए गए हैं। नीलाम किए जाने वाले सोने के आभूषण शाखा के नाम के साथ नीचे उल्लिखित हमारे विभिन्न ग्राहकों के अतिदेय ऋण खातों से संबंधित हैं।

**धार शाखा पताः एसबीएफसी फाइनेंस लि., मगजपुरा रोड, ए–1 और ए–2 सेंट टेरेसा कैम्पस, इंदौर – धार रोड, धार, मध्य प्रदेश–454001, धार, AP00413653, AP00595338, AP00654351**
**हरदा शाखा पताः एसबीएफसी फाइनेंस लि., भूतल, प्लॉट नं. सी–33 और सी–34, प्रकाश टावर बैंक ऑफ बड़ौदा नेहरू कॉलोनी के पास, हरदा एमपी–461331, हरदा, AP00458312, AP00595251**
**टीटी नगर शाखा पताः एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, प्लॉट नं. 36, प्रथम तल, आंध्रा बैंक के ऊपर, भदभदा रोड, टीटी नगर, न्यू मार्केट, भोपाल मध्य प्रदेश–462003 टीटी नगर/भोपाल, AP00575995**
**उज्जैन शाखा का पताः एसबीएफसी फाइनेंस लि., पहली मंजिल, 37 बेताल मार्ग, केनरा बैंक के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन, मध्य प्रदेश, भारत, उज्जैन, AP00655501**
**विजय नगर – इंदौरः एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड, 124, शगुन टावर, पहली मंजिल, अपना स्वीट्स के ऊपर, विजय नगर, इंदौर मध्य प्रदेश–452001 | विजय नगर/इंदौर, AP00660646**

अधिक जानकारी के लिए कृपया एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड से संपर्क नं. 18001028012 पर संपर्क करें (एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की सं. में परिवर्तन करने और/या नीलामी को स्थगित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।)

YES BANK **यस बैंक लिमिटेड**

शाखा पताः यस बैंक लिमिटेड, वार्ड नं. 8, आरएम टॉवर म्यूनिसिपल नं. 269, गोराकुंड चौराहा, राजवाड़ा के पास, महात्मा गांधी रोड, इंदौर, म.प्र. – 452001

**कब्जा सूचना [नियम 8(1) के तहत -अचल सम्पत्ति हेतु]**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत **यस बैंक लिमिटेड** का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित संबंधित कर्जदारों से कथित सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर संबंधित सूचनाओं में उल्लिखित राशि का भुगतान करने को कहते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं जारी की थी।
कर्जदारों के कथित राशि के भुगतान में असफल रहने के कारण कर्जदारों एवं जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में यहाँ नीचे उल्लिखित सम्पत्ति पर प्रत्येक खाते के सम्मुख अंकित तिथि पर कब्जा कर लिया है।
विशेष रूप से सम्बन्धित कर्जदारों एवं गारंटरों तथा जनसामान्य को एतद्वारा इन सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार यहाँ नीचे वर्णित राशि तथा उस पर अनुबंध दर पर ब्याज एवं लागतों के लिए **यस बैंक लिमिटेड** के प्रभार का विषय होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार तथा बंधककर्ता के नाम ग्राहक आईडी/लैन नं. | बंधक संपत्ति की प्रतिभूति/प्रतिभूति हित का विवरणः | सूचना की राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन नं.: AFH004001029776 अर्पित जैन (कर्जदार एवं बंधककर्ता) और निशा जैन (सह-कर्जदार) | प्लॉट नं.250 का दक्षिणी भाग, सैटेलाइट जंक्शन, गांव - केलोधला, तहसील और जिला इंदौर 453771 सीमाएँः पूर्वः- अन्य प्लॉट, पश्चिमः- सड़क, उत्तरः- उसी प्लॉट का बचा हुआ हिस्सा यानी 250, दक्षिणः- प्लॉट नं. 251 मालिकः अर्पित जैन। | रु. 31,26,179.00/- (रुपये इकतीस लाख छब्बीस हजार एक सौ उन्यासी मात्र) तिथि 15 मार्च, 2025 तक | 15-03-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक कब्जा |
| 2 | लैन नं.: AFH004000773405 और AFH004000737348 बालकृष्ण मीना (कर्जदार एवं बंधककर्ता) और तारामणी मीना (सह-कर्जदार) | मकान नं. 169 उत्तर दिशा का हिस्सा (निजी भाग बी), सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम-II, गांव बिजुखेड़ी, तहसील सांवेर, जिला इंदौर 453771 सीमाएँः पूर्वः प्लॉट नं. 166, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः प्लॉट का बचा हुआ हिस्सा, दक्षिणः प्लॉट नं. 170 | रु. 12,63,631.85/- (रुपये बारह लाख तिरेसठ हजार छः सौ इकतीस एवं पिचासी पैसे मात्र) तिथि 15 मार्च, 2025 तक | 15-03-2025 / 14-06-2025 सांकेतिक कब्जा |

प्रत्याभूत परिसम्पत्ति अर्थात यहाँ उपरोक्त संपत्ति को ऊपर उल्लिखित बकाया राशि को हमारी बैंक द्वारा वहन सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों सहित अदा करके मुक्त कराने के लिये सरफासी अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों में आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

हस्ता./-
दिनांकः 17-06-2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः इंदौर, मध्य प्रदेश यस बैंक लिमिटेड

SURYODAY A BANK OF SMILES **सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय : 1101, शारदा टेरेसेज, भूखंड 65, सेक्टर– 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई– 400614, सीआईएन : L65923MH2008PLC261472

**परिशिष्ट–IV [नियम 8(1)] अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने मैसर्स सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का अधि. सं. 54) के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, निम्न वर्णित ऋणकर्ता/ओं/गारंटर/रों को एक माँग सूचना निर्गत की थी। उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के समापन के उपरांत, ऋणकर्ता/गण / गारंटर/गण बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणकर्ता/ओं / गारंटर/रों को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6 एवं 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, यहां निम्न तालिका में अंकित तिथि पर, अधिग्रहण कर लिया है :

| क्र. स. | ऋणकर्ता / सह–ऋणकर्ता / गारंटर का नाम | माँग सूचना की तिथि | कुल बकाया राशि रु. में | साँकेतिक अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन नं.: 227000005274 1) श्री राम सिंह जाट, 2) श्रीमती पूजा सिंह जाट | 25/03/2025 | रु. 6,77,017.00/– दिनांक 19/03/2025 | 09/06/2025 |
| | **प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) / अचल संपत्ति(यों) का विवरण :** मकान संख्या– 41 के स्वरूप में विद्यमान संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश जो पी.एच.एन– 28, वार्ड संख्या– 10, ग्राम– अक्याकोली, पोस्ट– बोरखेड़ा, एसएमवी स्कूल के समीप, तहसील– नागदा, जनपद– उज्जैन, मध्य प्रदेश, पिन कोड– 456365 में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1296 वर्ग फीट है। सीमाएँ : पूर्व– खुली भूमि, पश्चिम– खुली भूमि, उत्तर– धारा सिंह का घर, दक्षिण– सड़क। | | | |
| 2 | लैन नं.: 239000001188 1) श्री अर्जुन सिंह, 2) श्रीमती शायर बाई | 25/03/2025 | रु. 4,01,990.00/– दिनांक 19/03/2025 के अनुसार | 09/06/2025 |
| | **प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों) / अचल संपत्ति(यों) का विवरण :** मकान नं.–24 के स्वरूप में विद्यमान संपत्ति के समस्त वह भाग तथा अंश, जो पटवारी हल्का नं.–45, ग्राम– चिंचोड़िया, कपिलेश्वर मंदिर के समीप, तहसील– बड़नगर, जनपद– उज्जैन, मध्य प्रदेश, पिन कोड– 456 222 में स्थित हैं जिनका क्षेत्राधिमापन 5600 वर्ग फीट है। सीमाएँ : पूर्व– सड़क, पश्चिम– सोमनाथ जी की भूमि, उत्तर– सड़क (सामान्य), दक्षिण– स्वयं की भूमि। | | | |

ऋणकर्ता/ओं / गारंटर/रों को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, उपरोक्त अंकित माँगकृत एक राशि तथा इस राशि पर निर्धारित भावी ब्याज हेतु मैसर्स सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

स्थान : मध्य प्रदेश, दिनाँक : 17–जून–2025 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, कृते सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि.**

पंजीकृत कार्यालयः 501, सलकॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रीक सेन्टर, नई दिल्ली–110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

**नीलामी नोटिस**

शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि. के निम्नलिखित कर्जदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद कर्जदारों द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋण/ओं को समायोजित नहीं किया गया है। सभी कर्जदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक में बतौर प्रतिभूति रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय किया गया है और तद्नुसार शाखाओं जहाँ से ऋण प्राप्त किए गए थे, उनके परिसरों में नीलामी **समय पूर्वा. 11:00** नियत की गई है। कर्जदारों सहित सभी, खाता धारकों और सर्व साधारण नीलामी के निबंधन व शर्तों के अनुसार इस नीलामी में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

**नीलामी तिथि 26.06.2025 समय पूर्वा. 11:00 बजे है।**

| क्र.सं. | शाखा | खाता सं. | खाता धारक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | धार | 100642512002 | अजित जैन |
| 2 | धार | 100642512061 | अजित जैन |
| 3 | इंदौर | 101042520794 | अंजलि परिहार |
| 4 | इंदौर | 101042519970 | रानू मोरे |
| 5 | इंदौर | 101042520067 | सचिन यादव |
| 6 | इंदौर | 101042520795 | गोपाल एस परिहार |
| 7 | इंदौर | 101042520423 | दीपक पंजारे |
| 8 | इंदिरापुरम | 101942519799 | दीपक सिंह |
| 9 | इंदौर | 101042520820 | कमलेश गुर्जर |
| 10 | इंदौर | 101042520831 | अंगिरा तोनन्नावर |

बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लि.

IndiaShelter Home Loans **इण्डिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** अचल सम्पत्ति हेतु कब्जा सूचना

**पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 15, 6ठी मंजिल, सेक्टर-44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा-122002, शाखा कार्यालयः प्लॉट नंबरः 226-227, पहली मंजिल, पीयू-4, स्कीम नंबर 54, ब्रज लक्ष्मी, लैंडमार्क- पीछे होटल श्योर स्टे, रसोमा स्क्वायर, इंदौर-450021, मध्य प्रदेश**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन (प्रतिभूति) हित अधिनियम, 2002 के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में वर्तमान में **इण्डिया शेल्टर फाइनेंस एण्ड कॉर्पोरेशन लिमिटेड** का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदार तथा सम्पत्ति/आश्वस्ति के स्वामी से कथित सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर यहाँ आगे उल्लिखित खाते के सम्मुख लिखित तिथि पर राशि का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए एक माँग सूचना जारी की थी। जैसा कि सम्पत्ति के स्वामी तथा अन्य राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहे अतः एतद्वारा निम्नलिखित कर्जदारों तथा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों पर कब्जा कर लिया है। अब कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति/यों के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति/यों के साथ कोई संव्यवहार नीचे वर्णित राशि तथा उस पर ब्याज, लागतों आदि के लिए **इण्डिया शेल्टर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड** के प्रभार का विषय होगा।

| कर्जदार/जमानती का नाम (सम्पत्ति के स्वामी) तथा ऋण खाता संख्या | प्रभारित/बंधक सम्पत्ति का विवरण (निम्नलिखित से निर्मित सम्पत्ति का समस्त भाग) | माँग सूचना की तिथि, माँग सूचना की तिथि तक बकाया राशि | भौतिक कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. श्री/श्रीमती संतोष बाई 2. श्रीमान/श्रीमती। हीरालाल स्लसोडल्या पताः अंतरे, खेरोद, जिला-धार, 454001 अंतरे, मध्य प्रदेश। इसके अलावा, मकान नंबर 158, पटवारी हल्का पुराना नंबर 18, नया 88, ग्राम अंतरे, तहसील और जिला धार, 454001 अंतरे, मध्य प्रदेश। ऋण खाता संख्या/ एपी-आईडी **HLDHCHLONS000005051268/ AP-10113500** | मकान क्रमांक 158, पटवारी हल्का पुराना क्रमांक 18, नया 88, ग्राम अंतराय, तहसील एवं जिला धार म.प्र. 454001 का समस्त भाग। कुल क्षेत्रफलः 1600 वर्ग फीट। संपत्ति की सीमाएँः पूर्वः- सी.सी. रोड, पश्चिमः रोड, उत्तरः- लाल सिंह का मकान, दक्षिण पंचायत भूमि। | मांग सूचना दिनांक 12/02/2025, रु. 1287421/- (रुपये बारह लाख सतासी हजार चार सौ इक्कीस मात्र) 10/02/2025 तक तथा 11/02/2025 से ब्याज और भुगतान की तिथि तक अन्य शुल्क और लागत। | **सांकेतिक कब्जा** (12.06.2025) |

स्थान : मध्य प्रदेश, तिथि : 17.06.2025 कृते इण्डिया शेल्टर कॉर्पोरेशन फाइनेंस लिमिटेड (अधिकृत प्राधिकारी)

किसी भी पूछताछ के लिए श्री गौरव सरैया (7389148935), श्री संजय सिंह राठौड़-(9993460061) से संपर्क करें।

MANAPPURAM HOME FINANCE LTD. **मण्णपुरम होम फाइनैंस लिमिटेड**

पूर्वतः मण्णपुरम होम फाइनैंस प्राइवेट लिमिटेड
सीआईएन – U65923K12010PIC039179, यूनिट नंबर 301 से 315, तृतीय तल, ए विंग, "कनकिया वॉल स्ट्रीट", अंधेरी–कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई–400093

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मण्णपुरम होम फाइनैंस लिमिटेड ("एमएएचओएफआईएन") के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन' (अधिनियम), 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदारों/गारंटरों से सूचना में वर्णित बकाया राशि और ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। कर्जदार/गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित उक्त 'अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इन सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और इन सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार मण्णपुरम होम फाइनैंस लिमिटेड के उपरिवर्णित मांग राशि और उस पर आगे ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार और सह–कर्जदार का नाम तथा ऋण खाता नंबर/शाखा | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन, जिसके संबंध में हित सृजित किया गया है | प्रेषित सूचना की तिथि एवं बकाया राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुस्कान X, बलवीर सिंह, धर्मवीर सिंह/MHL0100002 1489/ग्वालियर | प्लॉट नं. 111, परिमाप क्षेत्रफल 909 वर्ग फीट, संपत्ति आईडी नं. 1002230543, सर्वे नं. 317, 318, 319 का हिस्सा, वार्ड नं. 18, गांव–जडेरुआकला, पी.एच. नं.–53, तालुका–मुरार, जिला–ग्वालियर, मध्य प्रदेश, पिन कोड : 474004. पूर्व–अन्य की भूमि, पश्चिम–रोड, दक्षिण–प्लॉट नं. 112, उत्तर–प्लॉट नं. 110 | 20–03–2025 एवं रू. 5,22,415/– | 14-06-2025 |

तिथि : 17–06–2025, स्थान : मध्य प्रदेश हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी– मण्णपुरम होम फाइनैंस लिमिटेड

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं